# स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन, एनएच बाई पास,
पालारिवट्टम पी ओ, कोच्ची - 682025
टेली: 0484-2333610 से 616 तक

**स्पाइसेस बोर्ड में संविदा आधार पर लिपिकीय सहायकों के रूप में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को काम में लगाना**

स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची में तैनाती हेतु छह महीने की अवधि के लिए संविदा आधार पर लिपिकीय सहायकों के रूप में काम में लगाने के वास्ते सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से, जिन्होंने केंद्रीय / राज्य सरकार के विभागों / सार्वजनिक उपक्रमों / स्वायत्त निकायों / वस्तु बोर्डों में सेवा की है, स्पाइसेस बोर्ड आवेदन आमंत्रित करता है। काम में लगाने के विस्तृत निबंधन व शर्तें अनुबंध-1 के रूप में संलग्न किए गए हैं। पात्रता मानदंड व अन्य विवरण नीचे दिए जाते हैं:

**अनुसचिवीय कर्मचारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षित व्यक्ति | 6 नग |
| 2 | पात्रता | 1. उन्हें लिपिकीय कार्य में सेवा करने के पर्याप्त अनुभव के साथ, केंद्रीय / राज्य सरकार के विभागों / सार्वजनिक उपक्रमों / स्वायत्त निकायों/ वस्तु बोर्डों से सेवानिवृत्त कर्मचारी होना चाहिए ।<br>2. उसके पास प्रभावी अभिव्यक्ति कुशलता और आपस में मिलकर काम करने का कौशल होना चाहिए।<br>3. उसे एमएस ऑफिस / ओपन ऑफिस, ई-मेइल और इंटरनेट के साथ कंप्यूटर का उपयोग करने में अनुभव होना चाहिए। |
| 3 | शैक्षिक योग्यता | डिग्री |
| 4 | आयु सीमा | 64 वर्ष से कम |
| 5 | कार्य का स्थान | स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची |

**चयन का तरीका:** शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को शामिल करते हुए एक पैनल तैयार किया जाएगा और बोर्ड की अपेक्षा के अनुसार लिपिकीय सहायकों के रूप में काम पर लगाया जाएगा। पैनल की वैधता दो वर्ष केलिए होगी और लिपिकीय सहायकों को, अतिरिक्त अपेक्षित हो तो, इस अनुमोदित पैनल से काम में लगाया जाएगा । सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी, जिनके पास उपर्युक्त योग्यता व अनुभव हैं और जो स्वस्थ और तुरंत कार्यभार ग्रहण करने केलिए तैयार हैं, वे, अपना आवेदन, योग्यता व अनुभव के समर्थन के संगत दस्तावेज़ों सहित, नीचे दिए फॉर्मेट में (फॉर्मेट अनुबन्ध-3 के रूप में संलग्न हैं) 13-11-2020 को या उससे पहले hrdatp.sbker@gov.in को प्रस्तुत करें। आवेदन की हार्ड-कॉपी "The Secretary, spices Board, Kochi" के पते पर 20-11-2020 को या उससे पहले प्रस्तुत की जाए।

**सचिव**

दिनांक: 27.10.2020

**अनुबंध- I**

## स्पाइसेस बोर्ड में लिपिकीय सहायकों को काम में लगाने हेतु निबंधन व शर्तें

1. लिपिकीय सहायकों केलिए देय पारिश्रमिक 25,000/- रुपए प्रति महीना (स्थिर) होगा। लिपिकीय सहायकों द्वारा आहरित मासिक पारिश्रमिक तथा पेंशन, उनके द्वारा ली गई अंतिम वेतन, जिसकी गणना महंगाई भत्ते की वर्तमान दरों पर की गई हो, से अधिक नहीं होंगे।
2. एक महीने में प्रदान की गई सेवाओं के लिए पारिश्रमिक आगामी महीने में देय होगा।
3. काम में लगाने की अवधि प्रारंभ में छह महीनों केलिए होगी और उनके निष्पादन के आधार पर अपेक्षा के अनुसार आगे दो वर्ष केलिए बढ़ाई जा सकती है।
4. लिपिकीय सहायक, महंगाई भत्ता, परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, निजी स्टाफ, सीजीएचएस तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि जैसे किसी भी प्रकार के भत्ते या आवास-सुविधा प्राप्त होने के हकदार नहीं होंगे।
5. साक्षात्कार, कार्य में शामिल होने या इसके पूरा होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता ग्राह्य नहीं होगा। फिरभी, यदि बोर्ड के कार्यालयीन काम के सिलसिले में, उन्हें देश के अंदर यात्रा करना अपेक्षित है तो, जिस ग्रेड से वे सेवानिवृत्त हुए थे, उसी ग्रेड के नियमित पदाधिकारी केलिए ग्राह्य यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते का, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भुगतान किया जाएगा।
6. कार्य समय: लिपिकीय सहायक निर्धारितानुसार कार्यालय के साधारण कार्य समय का अनुसरण करेगा (अर्थात् सुबह 9.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक)। वैसे, अनिवार्य मामलों में, उनको समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार और कार्यालय समय के बाद भी काम करना पड़ सकता है।
7. पेंशन का आहरण: लिपिकीय सहायक के रूप में नियुक्त एक सेवानिवृत्त सरकारी पदाधिकारी, लिपिकीय सहायक के रूप में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान पेंशन और पेंशन पर महंगाई राहत आहरित करना जारी रखेगा। लिपिकीय सहायक के रूप में उसकी नियुक्ति को पुनर्नियोजन के मामले के रूप में नहीं माना जाएगा।
8. अवकाश: लिपिकीय सहायक एक कलेंडर वर्ष यथानुपात आधार पर, आठ(08) दिनों के अवकाश केलिए पात्र होंगे। लिपिकीय सहायक को अनुमेय अवकाश की अधिकता में अनुपस्थिति की अवधि केलिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, अनुपयुक्त अवकाश को न अगले वर्ष केलिए अग्रेनीत किया जाएगा, न ही उसका नकदीकरण किया जाएगा।
9. स्रोत पर काटा गया कर (टीडीएस): ग्राह्य के अनुसार, टीडीएस को लिपिकीय सहायक के मासिक पारिश्रमिक से काट दिया जाएगा। मांग करने पर, बोर्ड द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।
10. स्पाइसेस बोर्ड के साथ उनके कार्य की अवधि के दौरान और उसके बाद भी, यह संभावना है कि वे महत्वपूर्ण / गोपनीय प्रकृति की कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे अपने कार्य की अवधि के दौरान उनके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति से प्रकट नहीं करेंगे, जो उसे जानने/प्राप्त करने के लिए अधिकृत नहीं है।

11. स्पाइसेस बोर्ड, जरूरत पड़ने पर, कोई नोटिस जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / बढ़ाने / रद्द करने का अधिकार रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

12. आयु और योग्यता के लिए विच्छेदक तिथि, आवेदन की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, यानी 20.11.2020, होगी।

जिन अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, देर से प्राप्ति आदि के कारण स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा खारिज कर दी जाती है, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से ई-मेइल द्वारा कारण बताते हुए सूचित किया जाएगा और / या स्पाइसेस बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और इस संबंध में आगे किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**काम में लगाने के कार्य की समाप्ति**

स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित शर्तों पर लिपिकीय सहायक की काम में लगाने का कार्य समाप्त करेगा :

(i) लिपिकीय सहायक निर्दिष्ट कार्य करने में असमर्थ है;

(ii) कार्य की गुणवत्ता, बोर्ड की संतुष्टि के बराबर नहीं है।

(iii) बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति में लिपिकीय सहायक असफल रहता है;

(iv) लिपिकीय सहायक में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी पाई जाती है।

नोट: बोर्ड, लिपिकीय सहायक को पंद्रह दिनों की लिखित सूचना प्रदान करते हुए नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार रखता है। यह समाप्ति, ऐसी सूचना की सुपुर्दगी के पंद्रह (15) दिनों के पूरा होने के बाद ठीक अगले दिन से प्रभावी होगी।

**अनुबंध-II**

| **क्रम संख्या** | **स्थान** | **रिक्तियों की संख्या** | **अपेक्षित अनुभव** | **कार्य** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लिपिकीय सहायक | 6 | लेखा, स्थापना एवं सामान्य प्रशासन अनुभागों में कार्यालय सहायक /लिपिक के रूप में अनुभव | लेखा व प्रशासन अनुभाग में लिपिकीय सहायता प्रदान करना |

**अनुबंध -III**

**स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग) में लिपिकीय सहायक के रूप में नियुक्ति केलिए आवेदन प्रपत्र**

| |
|---|
| **हाल ही में खींचे गए पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदित पद का नाम<br>(कृपया आवेदित पद पर ✓ लगाएँ) | **लिपिकीय सहायक** | |
| 2 | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | |
| 3 | पिता/पति का नाम | | |
| 4 | जन्म तिथि | | |
| 5 | श्रेणी | अनु.जा./अनु.जन जा./अ.पि.व./अनारक्षित | |
| 6 | संपर्क विवरण | मोबाइल नं: / टेली. नं. : | |
| | | इ-मेल पता : | |
| 7 | पत्र-व्यवहार के लिए पता | | |
| | | पिन कोड: | |
| 8 | आयु, जैसे कि **20-11-2020** को है | | |
| 9 | शैक्षिक योग्यता | | |
| 10 | अनुभव (समर्थक दस्तावेज़ के साथ विवरण) | | |
| 11 | सरकारी सेवा में कार्य ग्रहण करने की तारीख | (प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें।) | |
| 12 | सेवानिवृत्ति की तारीख | | |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | पदनाम और कार्यालय जिसमें से सेवानिवृत्त हुए | |
| 14 | अंतिम आहरित वेतन | |
| 15 | पीपीओ नं. (कृपया पीपीओ की प्रति संलग्न करें) | |
| 16 | मासिक पेंशन | |
| 17 | शैक्षिक योग्यता (प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें।) | |
| 18 | कंप्यूटर की जानकारी का विवरण | |
| 19 | एक अलग शीट में नीचे दिए प्रारूप में अनुभव का संक्षिप्त विवरण - पद वार (कृपया समर्थक दस्तावेज संलग्न करें) | |

## अनुभव के विवरण प्रस्तुत करने का फॉर्मेट

| **क्रम संख्या** | **पद और कार्यालय जहां पर सेवा प्रदान की है।** | **विभाग/अनुभाग** | **अवधि** | | **कार्य की प्रकृति** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ................ से | ........... तक | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**मैं एतद्‌वारा घोषित करता/करती हूं कि ऊपर प्रस्तुत विवरण मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैं समझता/समझती हूं और सहमत हूं कि चयन या साक्षात्कार के पहले या बाद में किसी भी समय, ऊपर दी गई किसी भी जानकारी के झूठा या गलत / अपूर्ण या अयोग्यता का पता लगाए जाने पर, मेरी उम्मीदवारी निरस्त किए जाने के लिए बाध्य है और मैं स्पाइसेस बोर्ड के इस निर्णय से बाध्य रहूँगा/रहूँगी। मैं ने ऊपर दिए गए सभी निबंधन और शर्तें पढ़ ली हैं और मैं लिपिकीय सहायक के काम के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं।**

**हस्ताक्षर:**

**(आवेदक का पूरा नाम):**

**स्थान :**

**तारीख:**

**दिनांक:**